e-Mail

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

सं0 सं0 : 03 / भू0अ0नि0 (4) आरोप (विविध)–09 / 2025 4115 **पटना, दिनांक** : 24/11/2026

आदेश

विशेष सर्वेक्षण सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–शिविर प्रभारी, नौबतपुर द्वारा श्री ज्ञान प्रकाश (Emp. ID- AEN06720), विशेष सर्वेक्षण अमीन के विरूद्ध कतिपय आरोप के आलोक में स्पष्टीकरण की मांग की गई, जिसके अनुपालन में श्री प्रकाश द्वारा स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर समर्पित किया गया, जिसकी प्रति निदेशालय को भी उपलब्ध कराई गयी।

श्री प्रकाश से प्राप्त स्पष्टीकरण प्रत्युत्तर पर बन्दोबस्त पदाधिकारी, पटना से निदेशालय पत्रांक 1663 दिनांक 18.05.2026 के माध्यम से मंतव्य की मांग की गई। कतिपय स्मारोंपरान्त बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा अपने मंतव्य में उल्लेख किया गया है कि संबंधित कर्मी द्वारा दिनांक 17.02.2026 को बिना अवकाश स्वीकृति के केवल अवकाश हेतु आवेदन समर्पित कर ये लगातार कार्यालय से अनुपस्थित हैं। कार्यालय द्वारा अविलम्ब योगदान करने के निदेश दिए जाने के बावजूद भी इनके द्वारा योगदान नहीं किया गया। इसके अतिरिक्त इनके द्वारा दिनांक 20.05.2026 को ई–मेल के माध्यम से त्याग पत्र समर्पित किया गया।

इस संबंध में नोडल पदाधिकारी नौबतपुर द्वारा दूरभाष के माध्यम से संपर्क करने पर बताया गया कि वे गर्मी में कार्य करने में असमर्थ है एवं आगे काम नहीं करना चाहते है।

उपलब्ध अभिलेखों, संबंधित कर्मी द्वारा समर्पित स्पष्टीकरण एवं बंदोबस्त पदाधिकारी, पटना से प्राप्त मंतव्य के विवेचनोपरांत यह स्पष्ट होता है कि संबंधित कर्मी का बिना सक्षम प्राधिकार से अवकाश स्वीकृत कराए अनुपस्थित रहना तथा कार्यालय निर्देशों के बावजूद योगदान नहीं करना, इनका कर्तव्य के प्रति उदासीनता एवं अनुशासनहीनता को परिलक्षित करता है। साथ ही, इनके द्वारा स्वेच्छा से त्यागपत्र समर्पित करने से भी स्पष्ट होता है कि वे संविदा के आधार पर आगे कार्य करने के इच्छुक नहीं हैं। फलस्वरूप इनके त्याग–पत्र को अस्वीकृत करते हुए संविदा समाप्त किया जाना समीचीन है।

अतः उपरोक्त तथ्यों के आलोक में बिहार विशेष सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन (संशोधन) नियमावली, 2022 के कंडिका– 8(4) में निहित प्रावधान के आलोक में श्री ज्ञान प्रकाश (Emp. ID- AEN06720), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, पटना का संविदा नियोजन अनुपस्थिति के तिथि से समाप्त किया जाता है।

Suharsha 23/11/26

(सुहर्ष भगत)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03 / भू0अ0नि0 (4) आरोप (विविध)–09 / 2025 4115 **पटना, दिनांक** : 24/11/2026

प्रतिलिपि : श्री ज्ञान प्रकाश (Emp. ID- AEN06720), विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, पटना विशेष सर्वेक्षण अमीन, बन्दोबस्त कार्यालय, मुंगेर को सूचनार्थ प्रेषित।

Suharsha 23/11/26

निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

D:\JYOTI 2026\Amit Sir\Order\Director\09-2025-18-11-2026 (man).doc

ज्ञापांक : 03/ भू0अ0नि0 (4) आरोप (विविध)–09/2025 4115 **पटना, दिनांक** : 24/11/2026

प्रतिलिपि : बन्दोबस्त पदाधिकारी, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

Suharsha 23/11/26

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक : 03/ भू0अ0नि0 (4) आरोप (विविध)–09/2025 4115 **पटना, दिनांक** : 24/11/2026

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना, को सूचनार्थ एवं विभागीय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

साथ ही निदेशित किया जाता है कि इसकी स्कैन कॉपी R2R साफ्टवेयर के अन्तर्गत संधारित उक्त कर्मी का व्यक्तिगत संचिका में भी अपलोड करें।

Suharsha 23/11/26

निदेशक

भू–अभिलेख एवं परिमाप